# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.9.26 | 3 | 1-2 |

# अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के ग्लोबल एंबेसडर



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज विद्यार्थियों के साथ • जागरण

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, सुविधाओं एवं विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाने के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कम इंटरैक्शन मीट आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अफेयर्स सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए केवल शिक्षा प्राप्त करने का संस्थान नहीं, बल्कि एक वैश्विक परिवार है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कौशल, नवाचार एवं उद्यमिता युवाओं के लिए प्रगति के नए अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे 'एचएयू के ग्लोबल एंबेसडर' के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विभिन्न देशों की संस्कृतियों के बीच सेतु का कार्य करते हुए विश्वविद्यालय और भारत की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का उपयोग सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करने का संदेश दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता एवं ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19.9.26 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कम इंटरैक्शन मीट आयोजित



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों के साथ।*

हिसार, 18 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, सुविधाओं एवं विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाने के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कम इंटरैक्शन मीट आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अफेयर्स सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे 'एचएयू के ग्लोबल एंबेसडर' के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। इस दौरान विभिन्न देशों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में 29 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें म्यांमार के 11, नेपाल के 5, केन्या के 3, इथियोपिया के 2, नाइजीरिया के 2 तथा बांग्लादेश के 2 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अलावा जिम्बाब्वे, टोगो, युगांडा एवं बोत्सवाना से एक-एक विद्यार्थी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19.9.26 | 3 | 4 |

# हकृवि में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन और संवाद कार्यक्रम हुआ



हिसार | एचएयू में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सह संवाद कार्यक्रम हुआ। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि वैश्विक परिवार है, जहां कौशल, नवाचार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध हैं।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 19-9-26 | 12 | 5 |

# अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी निभाएं विवि के ग्लोबल एंबेसडर की भूमिका



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, सुविधाओं एवं विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाने के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कम इंटरैक्शन मीट आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अफेयर्स सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए केवल शिक्षा प्राप्त करने का संस्थान नहीं, बल्कि एक वैश्विक परिवार है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कौशल, नवाचार एवं उद्यमिता युवाओं के लिए प्रगति के नए अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे 'एचएयू के ग्लोबल एंबेसडर' के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। प्रो. काम्बोज ने कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी ली।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 18.09.26 | ----- | ---- |

# आज के समय में कौशल, नवाचार एवं उद्यमिता युवाओं के लिए प्रगति के नए अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं : प्रो. काम्बोज



नभ-छोर न्यूज ▸▸ 18 सितंबर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, सुविधाओं एवं विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाने के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कम इंटरैक्शन मीट आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अफेयर्स सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि आज के समय में कौशल, नवाचार एवं उद्यमिता युवाओं के लिए प्रगति के नए अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विभिन्न देशों की संस्कृतियों के बीच सेतु का कार्य करते हुए विश्वविद्यालय और भारत की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का उपयोग सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करने का संदेश दिया। प्रो. काम्बोज ने कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने सभी अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भी प्रदान किए। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता एवं ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इंटरनेशनल अफेयर्स सेल की प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न देशों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। सुश्री निलार, जैकलाइन, श्री थान, ओचाका, युसुफ तथा श्री आदर्श ने वक्तव्य एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। अफ्रीकी विद्यार्थियों ने समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं, हैमरसो एवं थाए सु पे ने म्यांमार की सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में 29 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें म्यांमार के 11, नेपाल के 5, केन्या के 3, इथियोपिया के 2, नाइजीरिया के 2 तथा बांग्लादेश के 2 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अलावा जिम्बाब्वे, टोगो, युगांडा एवं बोत्सवाना से एक-एक विद्यार्थी ने कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. नवीन कौशिक ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. जैनलिन पापांग ने विद्यार्थियों को छात्रावास के नियमों, व्यवस्थाओं एवं संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. दर्शना दुहन ने सभी अधिकारियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 18.09.26 | ----- | ---- |

# हकृवि में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कम इंटरैक्शन मीट आयोजित



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, सुविधाओं एवं विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाने के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कम इंटरैक्शन मीट आयोजित की गई। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए केवल शिक्षा प्राप्त करने का संस्थान नहीं, बल्कि एक वैश्विक परिवार है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कौशल, नवाचार एवं उद्यमिता युवाओं के लिए प्रगति के नए अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। कुलपति ने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे 'एचएयू के ग्लोबल एंबेसडर' के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विभिन्न देशों की संस्कृतियों के बीच सेतु का कार्य करते हुए विश्वविद्यालय और भारत की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विभिन्न देशों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। निलार, जैकलाइन, श्री थान, ओचाका, यूसुफ तथा श्री आदर्श ने वक्तव्य एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। अफ्रीकी विद्यार्थियों ने समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं, हैमरसो एवं थाए सु पे ने म्यांमार की सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 29 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें म्यांमार के 11, नेपाल के 5, केन्या के 3, इथियोपिया के 2, नाइजीरिया के 2 तथा बांग्लादेश के 2 विद्यार्थी शामिल हैं।